पंजाब केसरी 04/11/2025

# श्रेया को मिस और गौरव को मिस्टर फ्रैशर का खिताब

अम्बाला, 3 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग एवं बिजनैस एंड मैनेजमैंट विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 'आरंभ' शीर्षक से फ्रैशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रेया को मिस फ्रैशर, गौरव को मिस्टर फ्रैशर, तनवी को मिस चार्मिंग, कुलजोत को मिस्टर हैंडसम, जसप्रीत को मिस पर्सनैलिटी, आशुतोष को मिस्टर पर्सनैलिटी, खुशी को मिस बैस्ट ड्रैस और विग्यान को मिस्टर बैस्ट ड्रैस के खिताब से नवाजा गया।

यह कार्यक्रम कॉलेज परिसर में एक परिचयात्मक और मैत्रीपूर्ण मिलन समारोह के रूप में सम्पन्न हुआ। उत्साह, मनोरंजन और सौहार्द से परिपूर्ण यह आयोजन नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक यादगार शुरुआत साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी अध्यापकों और सीनियर विद्यार्थियों ने नवागंतुक विद्यार्थियों से परिचय किया और उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को उनके नए आरंभ के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम 'आरंभ' में भाग लेते विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)